दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

पुलिस ने मकान में छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली बीड़ी जब्त की / पुलिस ने मकान में छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली बीड़ी जब्त की

Begumganj News - बेगमगंज| सिरोंज क्षेत्र की प्रसिद्ध बीड़ी नं. 26 की नकल कर बीड़ी तैयार मार्केट बिगाड़ने के मकसद से सिरोंज क्षेत्र में...

Feb 26, 2018, 06:15 AM IST

बेगमगंज| सिरोंज क्षेत्र की प्रसिद्ध बीड़ी नं. 26 की नकल कर बीड़ी तैयार मार्केट बिगाड़ने के मकसद से सिरोंज क्षेत्र में सप्लाई की जा रही नकली बीड़ी की लिखित रिपोर्ट पर बेगमगंज पुलिस ने बेगमगंज के ग्राम तुलसीपार के एक मकान से 5 बोरे जिसमें 500 पैकेट बीड़ी नं. 26 की नकली बीड़ी जब्त कर दो लोगो पर विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर किया है जिसमें एक आरोपी पहले से ही स्पेशल शेर दिल बीड़ी के मामले में उपजेल में बंद है। जबकि एक आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सिरोंज के इरफान अली पुत्र मकबूल अली टोरी मोहल्ला सिरोंज एवं रफीक अली पुत्र साबिर अली हदाईपुर बेगमगंज के द्वारा बीड़ी नं. 26 के नाम की बीड़ी की मार्केट बिगाड़ने के लिए नकली छिल्ली लेबल छपवाकर छांट की बीड़ी बेगमगंज में पैक करवार सिरोंज में सप्लाई करना शुरू कर दिया। जबकि उक्त लेबलों की असली बीड़ी मो. नासिर पुत्र मो. इस्माइल द्वारा सिरिंज क्षेत्र में सप्लाई की जाती है। जिनके पास बाकायदा उक्त दोनों लेबल व झिल्ली का लाइसेंस व पंजीयन है। फरियादी मो. नासिर पुत्र मो.इस्माइल की रिपोर्ट पर बेगमगंज पुलिस ने दोनों आरोपियों पर ट्रेडमार्क अधिनियम की विभिन्न धाराओं एवं भादवि की एक दर्जन धाराओं सहित 420 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर एक की गिरफ्तारी जेल से करने के बाद दूसरे फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नकली बीड़ी सप्लाई करने का यह तीसरा मामला सामने आते ही पुलिस की कार्रवाई से नकली बीड़ी सप्लाई करने वालों में हड़कंप मच गया है। और कई नकलची भूमिगत हो गए है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न लेबलों की नकली बीड़ी पैक करवाकर बाहर सप्लाई करवाई जा रही है।

थाना प्रभारी नरेन्द्र भार्गव का कहना है कि एक आरोपी को पकड़ लिया गया जबकि एक फरार हो गया है जिसे भी शीघ्र पकड़ा जाएगा। अन्य लेबलों की नकली बीड़ी निर्माण की जानकारी लगी है।

Source: https://www.bhaskar.com/news/MP-OTH-MAT-latest-begumganj-news-061504-1184250-NOR.html